an>

Title: Issue regarding the anti-national slogans during a rally in Patna.

श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपको बहुत-बहुत साधुवाद देना चाहता हूं।

महोदया, विगत 15 जुलाई, 2016 को बिहार की राजधानी पटना की मुख्य सड़क अशोक राजपथ से शहीद करगिल चौक गांधी मैदान तक कुछ राष्ट्र विरोधी ताकतों ने पाकिस्तानी झंडों के साथ तीन घंटे तक तीन-तीन थानों को पार करते हुए जुलूस की शक्ल में देश विरोधी नारे, जैसे- 'पाकिस्तान जिंदाबाद, भारत-हिन्दुस्तान मुरदाबाद' के नारे लगाते रहे। राज्य सरकार एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन ने मूक दर्शक बनकर देशद्रोही जुलूस को रोकने की बजाय छुट्टे सांड की तरह सड़क पर खुलेआम गुजरने दिया तथा हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। ये नारे जाकिर नाईक, ओवैसी तथा पाकिस्तान के समर्थन में कुछ मुट्ठी भर देशद्रोहियों द्वारा पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के बैनर तले जुलूस निकालकर वहां के पुलिस प्रशासन के सामने लगाये जा रहे थे। जो अत्यंत शर्मनाक एवं निंदनीय है। इसे देखकर लोगों का खून खौल रहा था। वहां बहुत बड़ी हिंसक घटना घट सकती थी। लेकिन आम लोगों ने संयम का परिचय दिया। यह घटना कोई अचानक नहीं घटी, बल्कि श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सत्तासीन महागठबंधन ... * की सरकार की ... * पर तथा उनके नेतृत्व में बिहार में विरोधी शक्ति के ...* देने के अलावा और कुछ नहीं है।

HON. SPEAKER : I am sorry. No allegation will go on record.

â€¦(Interruptions)â€¦ *

श्री अश्विनी कुमार चौबे: राज्य सरकार के मुखिया द्वारा जे.एन.यू. के कन्हैया को गले लगाना तथा वैसे लोगों को इशरत जहां को बिहार की बेटी कहने के परिणामस्वरूप ये सारी घिनौनी घटनाएं घट रही हैं।

अतएव केन्द्र सरकार एवं महामहिम राष्ट्रपति महोदय से आग्रह है कि ऐसे राष्ट्रद्रोही पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया एवं मोमिन फ्रंट पर अविलम्ब प्रतिबंध लगाते हुए उन सबों को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार करें तथा राज्य सरकार को तलब कर कठोर कार्रवाई करें। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरो प्रसाद मिश्र एवं

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री अश्विनी कुमार चौबे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

The House stands adjourned to meet again at 2.35 p.m.

13.36 hours

The Lok Sabha then adjourned till Thirty Five Minutes

past Fourteen of the Clock.